प्रेस विज्ञप्ति

हिन्दुस्तान कॉलेज की छात्रा को मिला ए.के.टी.यू. में चतुर्थ स्थान

शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के कैमीकल इंजीनियरिंग विभाग की छात्रा पूजा गुप्ता ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा घोषित 2016–17 सत्र की मैरिट लिस्ट में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है।

जिला हाथरस के व्यवसायी श्री राजकुमार गुप्ता की पुत्री पूजा गुप्ता ने 2012–16 बैच में कैमीकल इंजीनियरिंग विभाग में एडमीशन लिया था।

विभागाध्यक्ष ने बताया कि पूजा गुप्ता ने लगभग प्रत्येक सैमेस्टर में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किये और अंततः 85.16 प्रतिशत अंकों के साथ डिग्री प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने यह भी बताया कि यह लगातार चतुर्थ वर्ष है जब विभाग के किसी न किसी छात्र–छात्रा ने विश्वविद्यालय की मैरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त कर विभाग एवं संस्थान को गौरवान्वित किया है।

संस्थान के निदेशक ने इस अवसर पर छात्रा पूजा गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

संस्थान के अधिशासी निदेशक ने छात्रा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुये अपेक्षा की कि आगामी सत्रों में भी इसी प्रकार की उपलब्धि हमारे छात्र–छात्रायें हासिल करते रहेंगे।